भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

विषय:- श्री एस.सुरेश,सदस्य (वित्त) के मौलिक विचार, भाविप्रा में जागरूकता उत्पन्न करने का असाधारण तरीका।

नई दिल्ली, अप्रैल 26, 2016: अब वह समय बीत गया जब केवल सेमीनार एवं संगोष्ठी ही लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का एक माध्यम था । हाल में, भाविप्रा ने पर्यावरण के बीच जागरूकता एवं ग्रीनगोवा हेतु साईकिल रैली का आयोजन ऐसे समय पर किया जब भाविप्रा ने गोवा विमानक्षेत्र पर काम्प्रिहेन्सेव ई-बिलींग सेल्यूशन हेतु भाविप्रा ने आईएटीए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है । यह साईकिल रैली भाविप्रा एवं आईएटीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई जो सेमीनार की अंतिम गतिविधि थी। यह आयोजन भाविप्रा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 40 से अधिक प्रतिभागियों तथा आईएटीए (मुख्यालय) जेनेवा से पधारे प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।

श्री एस.सुरेश सदस्य (वित्त) ने माननीय प्रधानमंत्री , भारत द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान पर पर्यावरणीय मामलों तथा जागरूकता फैलाने के महत्व पर जोर दिया, श्री मनफ्रेड ब्लोंडिल, निदेशक, ई एवं एफ, आईएटीए ने समाज में जागरूकता फैलाने तथा साईकिल रैली को आयोजित करने में भाविप्रा के प्रयासों एवं पहल की सराहना की तथा साईकिल रैली के आयोजन हेतु श्री एस.सुरेश सदस्य (वित्त) की प्रशंसा की ।

इस आयोजन से पहले, भाविप्रा ने गोवा में हवाई अड्डा सूचना प्रबंधन प्रणाली एआइएमएस पर एक कार्यशाला भी आयोजित की जिसमें भाविप्रा के प्रमुख हवाई अड्डों ने भाग लिया तथा ई-बिलींग सेल्यूशन के मामले पर दो दिनों तक विस्तार पर चर्चा हुई। श्री एस.सुरेश, सदस्य (वित्त) ने भाविप्रा के श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त), श्री पी.के.मिश्रा, कार्यपालक निदेशक (विमान यातयात प्रबंधन) तथा श्री एस.वी. सतीश, कार्यपालक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) की उपस्थिति में कार्यशाला का उदघाटन किया ।

वर्तमान में भाविप्रा ने रूपये 10,000 प्रति वर्ष की तर्ज पर इन्वायस बनाए तथा देश में भाविप्रा के 96 हवाई अड्डों पर यह प्रणाली फंक्शनल है। कार्यशाला के उदघाटन के अवसर पर बोलते हुए श्री एस. सुरेश सदस्य (वित्त) ने पारदर्शिता, सटीकता तथा समय पर वसूली हेतु ई-बिलींग के महत्व पर जोर दिया ।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें

म.प्र (जनसंपर्क), 9811521881, 011-24622787

सं. 06/2016-17

श्री एस.सुरेश,सदस्य (वित्त) तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा आईएटीए, जेनेवा के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु तथा स्वच्छ एवं ग्रीन गोवा हेतु भाविप्रा –आईएटीए समन्वय बैठक के बाद साईकिल रैली के आयोजन के भाग लिया।